दिनांक: 21.03.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज ब्रज क्षेत्र स्थित गिरिराज जी की परिक्रमा लगाकर देश में सुख समृद्धि की कामना की।
- केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश के विकास के लिए अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के संतुलन को बनाए रखने पर ज़ोर दिया।
- प्रदेशभर में ईद–उल–फित्र और गणगौर का त्यौहार पारम्परिक धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

और

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के अधिकतर ज़िलों में तापमान में गिरावट–मौसम विभाग के अनुसार जैसलमेर, बाड़मेर और आस पास के ज़िलों मे हल्की बारिश की संभावना।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज ब्रज क्षेत्र स्थित गिरिराज जी की परिक्रमा लगाकर देश में सुख समृद्धि की कामना की। अपने दौरे के तीसरे और अंतिम दिन आज राष्ट्रपति ने गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा–अर्चना की। परिक्रमा के दौरान राष्ट्रपति के राजस्थान पहुंचने पर जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर लोक कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति के स्वागत में भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। ब्रज के प्रसिद्ध मयूर नृत्य और कृष्ण भजन का गायन किया गया। राष्ट्रपति ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और सभी को शुभकामनाएं दी। **गौरतलब** है कि राष्ट्रपति ने गुरुवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने वृंदावन के इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में पूजा–अर्चना की। राष्ट्रपति ने कल रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में कैंसर के निदान और उपचार के लिए विशेष ब्लॉक का भी उद्‌घाटन किया।

0000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि कई क्षेत्रों में चल रहे संघर्ष के कारण दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी हमले न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिन्ता का विषय है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न हो रहे संभावित ऊर्जा और खाद्य संकट को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अब तक इस तरह के संकट से बहुत हद तक सुरक्षित है। श्री सिंह आज उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट है। रक्षा मंत्री ने कहा कि संवाद और कूटनीति के जरिये समाधान निकाला जाना चाहिए।

-----------------------------

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में आयकर अधिनियम 2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान 2026 की शुरुआत की। यह अभियान प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन, आउटडोर, डिजिटल और

सोशल मीडिया के अंतर्गत चलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 2025 से त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम होगी।

**000**

आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस है। दुनियाभर में जंगलों और जानवरों की कम होती संख्या को संरक्षित करने तथा उनके प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता के तहत ये दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश के विकास के लिए अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि इस संतुलन को प्राप्त करने के लिए विज्ञान आधारित दृष्टिकोण आवश्यक है।

-----------------------

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2012 में 21 मार्च को **अंतरराष्ट्रीय वन दिवस** के रूप में घोषित किया था। प्रदेश में भी अंतराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्म आयोजित किया गया। कार्यक्म में मौजूद वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने घायल वन्यजीवों के रेस्क्यू को मजबूत बनाने के लिए 5 रेस्क्यू वाहनों को हरी झंडी दिखाई गयी। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में प्रभारी मोनिटरिंग के लिए 460 मोटरसाईकिलों को रवाना किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री शर्मा ने एक पेड माँ के नाम अभियान पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। वहीं इस अवसर पर जैसलमेर के मोहनगढ़ में जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियो ने आम, जामुन, आँवला सहित कई उपयोगी पौधे लगाए और पौधो की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

-----------------------

सवाईमाधोपुर मे वन विभाग की और से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने वनों के महत्व जैव विविधता आदि विषयों पर जानकारी दी।

000

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। जयपुर में दिल्ली रोड़ ईदगाह में ईद की मुख्य नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने **नमाजियों पर** पुष्प वर्षा कर भाईचारे का संदेश दिया। मुस्लिम बाहुल्य ईलाकों में सुबह से ही विशेष उल्लास दिखाई दे रहा है। जयपुर स्थित रामगंज, गलतागेट, दिल्ली रोड सहित अन्दरूनी इलाकों में बाजारों को सजाया गया है। लोग एक दूसरे के गले लग मुबारकबाद पेश कर रहे है और सेवईयों से मुंह मीठा करवा रहे है। अजमेर स्थित  ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर बडी संख्या में अकीदतमंद पंहुचे। इस मौके पर आज के लिए खोले गये जन्नती दरवाजे से गुजरने को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। प्रदेश के अन्य हिस्सों जोधपुर, सीकर, उदयपुर, राजसमंद, बांसवाड़ा, संलूम्बर और भरतपुर में ईद की नमाज़ अदा की गई इस अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता बन्दोवस्त किये गये।

000

अखण्ड सुहाग का प्रतीक गणगौर का पर्व आज पारम्परिक धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहर–कस्बो में सुहागिनों ने गणगौर पूजन कर अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना की।

प्रदेश के कई शहरों में गणगौर माता की पारम्परिक सवारी निकाली गयी। राजधानी जयपुर में लोक पर्व गणगौर का उत्साह नजर आ रहा है। सिटी पैलेस के जनानी ड्योढ़ी से गणगौर की शाही सवारी शुरू हुई।

------------------------

चूरू में गणगौर पर्व उत्साह से मनाया जा रहा है। शहर में गणगौर माता की सवारी निकाली गयी और पावटा कुंआ पर मेले का आयोजन हुआ। झुन्झुनू में गणगौर माता की सवारी निकाली गयी।

ये सवारी शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए समस तालाब पहुंची जहां परम्परागत पूजा के साथ विसर्जन की रस्म अदा की गई।
जोधपुर में गणगौर के मौके पर शोभायात्रा निकाली जा रही है और ब्यौरा हमारे संवाददाता से

-------------------

000

जल शक्ति मंत्रालय 23 मार्च को नई दिल्ली में विश्व जल दिवस सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। मंत्रालय ने बताया कि **''जल के लिए उद्योग''** विषय पर आधारित यह सम्मेलन सतत जल प्रबंधन के लिए संवाद, नवाचार और सहयोग के लिए राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य करेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के सात सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश से जयपुर सहित कई ज़िलों में तापमान में गिरावट आई है। जिससे लोगों को हल्की ठण्ड का एहसास होने लगा है। आज जैसलमेर और श्रीगंगानर ज़िलों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं पिछले 24 घंटों मे पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद आज सुबह कई शहरों में हल्की धुंध नजर आई। डीग ज़िले में पिछले दो दिन से हुई बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिन्ता बढ़ा दी है। बारिश से कुछ स्थानों पर किसानों की फसल पर विपरीत असर पड़ा है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार आज जैसलमेर, बाड़मेर और आस–पास के ज़िलों में हल्की बारिश होने तथा राज्य के अन्य भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावटी क्षेत्र में कल हल्की बारिश होने के आसार है। इस बीच प्रदेशभर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है, जिससे लोगों को बढती गर्मी से राहत मिली है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले तीन दिनों में तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

000